>

Title: Need to declare betel leave as an agricultural crop and extend the benefits of crop-insurance and other schemes meant for agriculture sector to it.*h

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में गढ़ी मलहरा एवं महाराजपुर क्षेत्र पान उत्पादन के लिये काफी प्राचीन समय से प्रसिद्ध हैं। यहां के पान गुणवत्ता की दृष्टि से बहुत अच्छे होने के कारण देश की सभी पान मंडियों में सबसे ऊंची कीमत पर बिकते आ रहे हैं। यहां का पान बड़ी मात्रा में पाकिस्तान निर्यात होता था, किंतु इस व्यवसाय को किसी भी तरह का प्रोत्साहन शासन की योजनाओं में नहीं मिलने से इसका उत्पादन प्रभावित हो रहा है। सबसे विडम्बना की बात है कि पान की खेती को न तो कृषि में शामिल किया गया एवं न ही उद्योग में शामिल किया गया है। इस कारण उत्पादकों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पान उत्पादन को कृषि में शामिल कर कृषि की शासकीय योजनाओं का तथा फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने का सहयोग करें।